सार-समाचार

हिरोशिमा दिवस पर वाद-विवाद प्रतियोगिता

कोटा, (निसं)। लायंस क्लब कोटा साउथ द्वारा हिरोशिमा दिवस के उपलक्ष्य में सेंट्रल अकेडमी शिक्षांतर सीनियर सेकेंडरी स्कूल, पुलिस लाईन, बारां रोड कोटा में 'परमाणु ऊर्जा-वरदान या अभिशाप' विषय पर हिंदी एवं अंग्रेजी माध्यम की वाद-विवाद प्रतियोगिता का सफल आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में विभिन्न विद्यालयों के प्रतिभागियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। दोनों माध्यमों में प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को पुरस्कार प्रदान किए गए सांत्वना पुरस्कार भी दिया गया। तथा सभी प्रतिभागियों को सहभागिता प्रमाण-पत्र वितरित किए गए। कार्यक्रम में स्वागत क्लब अध्यक्ष लायन सुधा शर्मा एवं विद्यालय प्राचार्य ममता दीक्षित ने किया। कार्यक्रम चेयरपर्सन गौरव झाला एवं कार्यक्रम कन्वीनर लायन मंजुश्री त्रिपाठी के कुशल संयोजन में कार्यक्रम संपन्न हुआ। कार्यक्रम में पीडीजी एमजेएफ राजेंद्र अग्रवाल, मंजू गर्ग, पूर्व रीजन चेयरपर्सन सुषमा आहूजा, जोन चेयरपर्सन डॉ. जगदीश शर्मा वीपी आहूजा, गिरिराज मुंदड़ा, डॉ. ओपी बावेजा, वीके व्यास, आरके गुप्ता, किशन गुप्ता, मनोरमा बावेजा सहित अनेक लायन सदस्य उपस्थित रहे। प्रतियोगिता का निर्णायक मंडल प्रशांत भारद्वाज, आशा गुप्ता, वंदना सिंघल एवं उर्मिला शर्मा रहे। जिन्होंने प्रतिभागियों का निष्पक्ष मूल्यांकन किया। कार्यक्रम के अंत में क्लब सचिव डॉ. अनामिका ने सभी अतिथियों, निर्णायकों, विद्यालयों, प्रतिभागियों एवं उपस्थित सदस्यों का आभार प्रकट किया। कार्यक्रम समाप्ति के बाद विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण भी किया गया।

नाबालिग को आरपीएफ ने सकुशल रेस्क्यू कर चाइल्ड लाइन को सौंपा

कोटा, (निसं)। रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) कोटा ने तत्परता एवं संवेदनशीलता का परिचय देते हुए घर से निकली एक नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर आवश्यक कानूनी कार्रवाई के बाद चाईल्ड लाईन के सुपुर्द किया। यह कार्रवाई दिल्ली पुलिस एवं आरपीएफ कंट्रोल से प्राप्त सूचना के आधार पर की गई। वरिष्ठ मंडल वाणिज्य प्रबंधक सौरभ जैन ने बताया कि रेल सुरक्षा बल कंट्रोल को सूचना प्राप्त हुई थी कि गाड़ी संख्या 12416 से एक नाबालिग लड़की घर से निकलकर यात्रा कर रही है। सूचना मिलते ही आरपीएफ पोस्ट कोटा के सहायक उप निरीक्षक कृष्ण बघेल ने स्टाफ के साथ ट्रेन में फोटो के आधार पर उसकी तलाश की, लेकिन प्रारंभिक खोज में वह नहीं मिली। इसके बाद प्लेटफॉर्म संख्या 2 पर उसके होने की सूचना मिलने पर दोबारा सघन तलाशी अभियान चलाया गया। तलाश के दौरान लड़की एक नाबालिग लड़के के साथ कोटा स्टेशन के बुकिंग हॉल में मिली। महिला आरक्षक अनीता मीणा की देखरेख में दोनों नाबालिगों को आरपीएफ पोस्ट लाया गया तथा तत्काल चाईल्ड लाईन कोटा को सूचना दी गई। सूचना पर चाईल्ड लाइन के सदस्य जितेश महावर एवं जागृति आहूजा मौके पर पहुंचे। पूछताछ में पता चला कि 16 वर्षीय लड़की अपने 17 वर्षीय परिचित लड़के से मिलने के लिए घर से निकलकर आई थी। आवश्यक कानूनी एवं औपचारिक कार्रवाई पूर्ण करने के बाद दोनों नाबालिगों को चाईल्ड लाईन को सौंपा गया।

छात्रसंघ चुनाव शीघ्र बहाल करने की मांग को लेकर ज्ञापन सौंपा

कोटा, (निसं)। अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद् ने प्रदेश में छात्रसंघ चुनावों की शीघ्र बहाली सहित उच्च शिक्षा से जुड़ी विभिन्न समस्याओं के समाधान की मांग को लेकर उच्च शिक्षा मंत्री प्रेमचंद बैरवा को ज्ञापन दिया परिषद् ने कहा कि गुणवत्तापूर्ण, समयबद्ध एवं उत्तरदायी उच्च शिक्षा व्यवस्था ही विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की आधारशिला हैं, किन्तु वर्तमान में राजस्थान की उच्च शिक्षा व्यवस्था अनेक प्रशासनिक एवं संरचनात्मक चुनौतियों से जूझ रही है। इन समस्याओं के कारण लाखों विद्यार्थियों का शैक्षणिक, शोध एवं प्रतियोगी भविष्य प्रभावित हो रहा है। परिषद् ने सरकार से विद्यार्थी हितों को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए शीघ्र निर्णय लेने का आग्रह किया। छात्रसंघ चुनावों की बहाली पर जोर देते हुए निखिल सिंह ने कहा कि छात्रसंघ चुनाव केवल प्रतिनिधि चुनने की प्रक्रिया नहीं, बल्कि लोकतांत्रिक नेतृत्व निर्माण का सशक्त माध्यम हैं। विगत वर्षों से चुनाव स्थगित रहने के कारण विद्यार्थी अपने लोकतांत्रिक प्रतिनिधियों के चयन के अधिकार से वंचित रहे हैं। राज्य सरकार को शीघ्र छात्रसंघ चुनावों की घोषणा करते हुए प्रतिवर्ष नियमित एवं समयबद्ध चुनाव कराने की स्थायी व्यवस्था सुनिश्चित करनी चाहिए।

छात्राओं को खेल सामग्री वितरित

छबड़ा (निसं)। इनरव्हील ने नए सेवा सत्र की शुरुआत सामाजिक सरोकार के साथ करते हुए बालिका उच्च माध्यमिक विद्यालय की छात्राओं को खेल सामग्री वितरित की। छात्राओं में खेलों के प्रति रुचि बढ़ाने और उन्हें नियमित खेल गतिविधियों से जोड़ने के उद्देश्य से क्लब द्वारा विद्यालय को 20 बैडमिंटन सेट एवं 20 स्किपिंग रोप (रस्सीकूद) भेंट किए गए। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए क्लब अध्यक्ष पल्लवी जैन ने कहा कि खेल शिक्षा का अभिन्न हिस्सा हैं। खेलों से बच्चों के शारीरिक विकास के साथ-साथ अनुशासन, आत्मविश्वास, नेतृत्व क्षमता और टीम भावना का भी विकास होता है। उन्होंने छात्राओं से पढ़ाई के साथ नियमित रूप से खेल गतिविधियों में भाग लेने का आव्हान किया। प्राचार्य सुमन भार्गव ने इनर व्हील क्लब के इस सहयोग की सराहना करते हुए कहा कि खेल सामग्री मिलने से छात्राओं को अभ्यास के बेहतर अवसर मिलेंगे और वे खेल प्रतियोगिताओं में भी बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगी। विद्यालय परिवार ने क्लब के प्रति आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर क्लब की कोषाध्यक्ष रजनी गैरा, सीसी सदस्य कुंती जैन, चार्टर प्रेसिडेंट डोली जैन, नंदिनी सोनी, अनीता शर्मा, एकता शर्मा, हेमा धनोरिया, रीतू गुप्ता, सुनीता राठौर एवं अनीशा सोनी उपस्थित रहीं। वहीं विद्यालय की शिक्षिका निर्मला मेघवाल एवं रेखा शर्मा सहित विद्यालय स्टाफ भी कार्यक्रम में मौजूद रहा।

अवैध मादक पदार्थ डोडा-चूरा की तस्करी में फरार आरोपी गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। बपावर कलां पुलिस टीम ने अवैध मादक पदार्थ तस्करी के मामले में फरार चल रहे आरोपी को गिरफ्तार किया है। ग्रामीण पुलिस अधीक्षक सुजीत शंकर ने बताया कि 2 अप्रेल को थाना चेचट पुलिस टीम ने कार्यवाही करते हुए एक कार मे तलाशी के दौरान 41.184 किलो ग्राम अवैध मादक पदार्थ डोडा चुरा को जप्त कर जिला संगरूर पंजाब निवासी दो महिला आरोपी गुलशन कौर और परमजीत कौर को गिरफ्तार किया था, लेकिन उक्त घटना में आरोपी नारायणसिंह फरार चल रहा था। मामले में अनुसंधान बपावर थाना द्वारा किया जा रहा था, फरार चल रहे आरोपी की गिरफ्तारी को लेकर बपावरकलां थाने के उप निरीक्षक थानाधिकारी सुरेश मीणा के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया, गठित टीम ने मुखबिर की सूचना पर कार्यवाही करते हुए मामले में 4 माह से फरार चल रहे आरोपी जिला मंदसोर मध्यप्रदेश के थाना गरोठ नलखेडी निवासी नारायणसिंह (41) को गिरफ्तार किया, पकड़े गये आरोपी से अनुसंधान जारी है।

आंखों की जांच कर निःशुल्क चश्में वितरित किये

कोटा, (निसं)। राजकीय बालिका माध्यमिक विद्यालय भीमगंजमंडी कोटा पर सिन्धु सोशल सर्किल द्वारा बालिकाओं की आंखों की जांच की गई एवम् निःशुल्क चिश्मे दिये गये। सिन्धु सोशल सर्किल के सचिव शमशेर परमानी व कार्यक्रम संयोजक राम मदनानी ने बताया कि डॉक्टर द्वारा आंखो की जांच के दौरान 20 बालिकाओं की आंखों के लिये चश्में की आवश्यकता पाई गई जिन्हे सर्किल द्वारा निःशुल्क उपलब्ध करवाया गया। सर्किल अध्यक्ष शंकर सुखवानी ने बताया कि इस अवसर पर स्कूल के प्रधानाचार्य द्वारा कुर्सियों की कमी बताई गई जिस पर सर्किल सचिव शमशेर परमानी द्वारा 5 कुर्सीयां उपलब्ध करवाई गई। इस अवसर पर सिन्धु सोशल सर्किल के सहसचिव राजेश ग्लावानी द्वारा मोटिवेशनल स्पीच में शिक्षा, अनुशासन, आत्मविश्वास एवं सकारात्मक सोच के महत्व पर प्रकाश डाला तथा उन्हें उपस्थित विद्यार्थियों को मेहनत करते हुए जीवन में निरंतर आगे बढ़ने के लिए प्रेरित किया।

घर के बाहर खड़ी बाइक चोरी

छबड़ा (निसं)। ईदगाह चौराहा पर घर के बाहर खड़ी एक मोटरसाइकिल चोरी होने का मामला सामने आया है। पीड़ित ने मामले की शिकायत छबड़ा थाने में दर्ज कराते हुए बाइक बरामद करने की मांग की है। ईदगाह चौराहा निवासी मुकेश कुशवाह ने पुलिस को दिए परिवाद में बताया कि वह अपने मकान के निर्माण कार्य में व्यस्त था। इस दौरान उसकी मोटरसाइकिल घर के मुख्य दरवाजे के सामने खड़ी थी। 5 अगस्त की शाम करीब 5 बजे जब उसने बाइक को देखा तो वह वहां नहीं मिली। आसपास काफी तलाश करने के बाद भी बाइक का कोई सुराग नहीं लगा।

'किसानों की सुविधा के लिए बैंक अधिकाधिक कस्टम हायरिंग सेन्टर स्थापित करें'

■ केसीसीबी की तिमाही समीक्षा बैठक में कलेक्टर ने निर्देश दिए

कोटा, (निसं)। कोटा सेन्ट्रल को ऑपरेटिव बैंक की बैठक गुरूवार को जिला कलेक्टर एवं बैंक प्रशासक पीयूष समारिया की अध्यक्षता में आयोजित की गई।

जिला कलेक्टर ने बैंक की कासा अमानतों की स्थिति पर चिंता व्यक्त करते हुए गई एवं कृषि उपज मंडी, विश्वविद्यालयों और राजकीय संस्थाओं से कासा अमानतें प्राप्त करने के लिए संपर्क करने के निर्देश दिए। साथ ही जिले में भूमि अवाप्ति के खाते और अमानतें बैंक को दिलाने में जिला प्रशासन की ओर से सहयोग हेतु आश्वस्त किया गया।

उन्होंने किसानों को घर के नजदीक कृषि उपकरणों की उपलब्धता सुनिश्चित करवाने के लिए कस्टम हायरिंग सेन्टर के अधिक से अधिक प्रस्ताव भेजने के लिए बैंक को निर्देशित किया। सहकारी समितियों के खाली पड़े गोदामों का व्यावसायिक उपयोग करने हेतु कार्रवाई करने के भी निर्देश दिए।

बैंक के एमडी रायसिंह मोजावत ने बैंक की वार्षिक कार्य योजना में दिए गए लक्ष्यों के विरुद्ध जून तिमाही की प्रगति का ब्यौरा प्रस्तुत किया। बैंक के सीआरएआर में हाल ही में की गई वृद्धि एवं इसे आरबीआई के मानक स्तर से अधिक होने के बारे में अवगत कराया गया। अतिरिक्त रजिस्ट्रार बीना बैरवा ने महिलाओं के उत्थान हेतु राजीविका के माध्यम से अधिक से अधिक स्वयं सहायता समूहों को लाभान्वित करने पर बल दिया। डीडीएम नाबार्ड रामप्रसाद शर्मा ने ग्रामीण सहकारी बैंकों के लिए डिजिटल प्लेटफॉर्म उपलब्ध कराने हेतु केन्द्र सरकार, आरबीआई और नाबार्ड के महत्वपूर्ण प्रोजेक्ट सहकार सारथी प्राइवेट लिमिटेड की सदस्यता और उसके द्वारा उपलब्ध कराए जाने वाली सेवाओं की जानकारी दी।

संयुक्त निदेशक (कृषि) अतीश कुमार शर्मा ने बताया कि प्रधान मंत्री फसल बीमा योजना में अभी तक 29000 पॉलिसी में से सहकारी समितियों द्वारा सर्वाधिक 24643 किसानों द्वारा पॉलिसी करवाई गई है। कोटा डेयरी एमडी दिलखुश मीणा ने प्राथमिक दुग्ध समितियों को कार्यशील पूंजी के लिए ऋण सुविधा दिलाने का आग्रह करते हुए समस्त समितियों और डेयरी बूथों के खाते बैंक में खुलवाने हेतु आश्वस्त किया।

कृषि उपकरणों का शुभारंभ एवं पौधारोपण:- जिला कलेक्टर ने बैठक के बाद मोरपा सहकारी समिति के कस्टम हायरिंग सेन्टर स्थापना हेतु क्रय किए ट्रेक्टर और कृषि उपकरणों का सहकार झंडा दिखाकर शुभारंभ किया। साथ ही 'हरियालो राजस्थान' के अन्तर्गत बैंक परिसर में पौधरोपण भी किया।

बैठक में अपैक्स बैंक के प्रतिनिधि कपिल देव, अधिशासी अधिकारी ऋतु सपरा, अतिरिक्त अधिशासी अधिकारी रजनी मीणा, मुख्य प्रबंधक हेमन्त सामरिया, वरिष्ठ प्रबंधक राजेन्द्र यादव, शशि शेखर और गजेंद्र मेड़तिया उपस्थित रहे।

गणपतलाल शर्मा लोकतंत्र सेनानी संघ के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष बने

कोटा, (निसं)। लोकतंत्र सेनानी संघ राजस्थान के प्रदेश अध्यक्ष देवराज बोहरा ने सेनानी संघ की कार्यसमिति की घोषणा कर दी है। कोटा से गणपतलाल शर्मा को कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष व बालचंद गर्ग को प्रदेश उपाध्यक्ष बनाया गया है। लोकतंत्र रक्षा मंच के कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष हनुमान शर्मा, रमेश गोचर सत्यनारायण चौरसिया, महेंद्र गुप्ता, दामोदर दयाल गुप्ता हर्ष जैन, रमेश चंद शर्मा ने बहुत बहुत बधाई दी है। प्रदेश अध्यक्ष देवराज बोहरा का आभार जताया।

कार्यालय (वि.) नगर निगम कोटा (राज0)

क्रमांकः- ननिको/वि0/2026/983-992 दिनांक : 30.07.2026

-: ई-निविदा सूचना :-

नगर निगम कोटा द्वारा किसी भी सरकारी एवं अर्द्ध सरकारी विभागों में निम्न कार्य को करने वाले अनुभवी संवेदकों से ई-निविदा पद्धती से ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। कार्यो की अनुमानित राशि, निविदा बेचे जाने, प्राप्त करने, अन्य शर्ते एवं जानकारी निगम वेबसाईट http://kotamc.org.com, www.sppp.rajasthan.gov.in & https://eproc.Rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

(कुल चार कार्यो की अनुमानित राशि 103.62 लाख रूपये)

NIB code DLB2627A5398 and
UBN is: DLB2627WSOB13148
UBN is: DLB2627WSOB13150
UBN is: DLB2627WSOB13153
UBN is: DLB2627WSOB13158

अधिशाषी अभियंता (वि.)
नगर निगम कोटा

राज.संवाद/सी/26/8796

कार्यालय नगर निगम, कोटा (राज.)

क्रमांक-ननिको/जोन-3/भ.नि.अनु./2026/508 दिनांक- 5.8.26

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती राजेश कुमारी शर्मा पत्नी श्री प्रेम शंकर शर्मा एवं श्री जगदीश चन्द शर्मा पुत्र स्व. श्री मोहन लाल निवासी-355 शोपिंग सेन्टर कोटा ने आवेदन प्रस्तुत कर भूखण्ड संख्या- 355 शोपिंग सेन्टर कोटा का उतरी हिस्सा स्वयं के नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन किया है कार्यालय मंडी कमेटी चम्बल सिचाई परियोजना कोटा के क्रमांक 3969 दिनांक 25.11.69 से श्री मैसर्स श्यामलाल मोहनलाल के नाम आवंटन किया है। जिसका कुल क्षेत्रफल 2655 वर्गफुट है एवं पारिवारिक समझोता पत्र दिनांक 30.04.2003 के अनुसार श्री मोहनलाल शर्मा द्वारा भूखण्ड संख्या 355 शोपिंग सेन्टर के दो भाग किये जिसका आधा भाग रोशन ट्रेडर्स की ओर का श्री प्रेमशंकर शर्मा श्री जगदीश चन्द शर्मा को दिया है प्रेमशंकर शर्मा की मृत्यु 06.04.2020 को हो चुकी है। मृत्यु उपरांत शेष विधिक वारिसान से पंजीकृत हक त्याग पत्र दिनांक 03.11.2025 से श्रीमती राजेश कुमारी शर्मा के पक्ष में त्याग दिया गया है। उनके एक मात्र विधिक वारिसान श्रीमती राजेश कुमारी शर्मा पत्नी स्व. श्री प्रेम शंकर शर्मा के पक्ष मे 1/4 हिस्से का नामांतरण किया जाना है। शेष 1/4 हिस्से का श्री जगदीश चन्द शर्मा पुत्र स्व. श्री मोहन लाल शर्मा के नाम नामांतरण किया जाना है। श्रीमती राजेश कुमारी शर्मा पत्नी श्री प्रेम शंकर शर्मा एवं श्री जगदीश चन्द शर्मा पुत्र स्व. श्री मोहन लाल के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा दक्षिण में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा दक्षिण कार्यालय में प्रस्तुत करे। मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा

शिविर में 505 नागरिकों ने लाभ लिया

कोटा, (निसं)। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला की पहल पर संचालित सांसद जनसेवा अभियान के तहत गुरुवार को बीड़ के बालाजी सामुदायिक भवन, कुन्हाड़ी में जनसेवा शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 505 नागरिकों ने विभिन्न सेवाओं का लाभ उठाया। इसके साथ ही आयोजित निःशुल्क मेडिकल शिविर में 497 लोगों के स्वास्थ्य की जांच की गई।

जनसेवा शिविर में ई-मित्र काउंटर के माध्यम से 62 प्रकरणों का निस्तारण किया गया। इसके अलावा खाद्य सुरक्षा योजना से जुड़े 78, श्रमिक डायरी के 40, समाज कल्याण पेंशन के 30, जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पत्र से संबंधित 33 तथा आधार एवं जनआधार से जुड़े 35 प्रकरण प्राप्त हुए। इनमें अधिकांश मामलों का मौके पर ही निस्तारण किया गया, जबकि शेष प्रकरणों को संबंधित विभागों को अग्रिम कार्रवाई के लिए प्रेषित किया गया।

सांसद जनसेवा अभियान के माध्यम से पात्र नागरिकों के दस्तावेजों का सत्यापन, त्रुटि-सुधार, नवीन पंजीकरण एवं आवश्यक संशोधन कर उन्हें विभिन्न सरकारी जनकल्याणकारी योजनाओं से जोड़ा जा रहा है। अभियान के प्रति आमजन में उत्साह लगातार बढ़ रहा है और बड़ी संख्या में नागरिक शिविरों में पहुंचकर विभिन्न सेवाओं का लाभ उठा रहे हैं।

'सांस्कृतिक संपदाओं का सतत विकास के लिए उपयोग' पर संवाद

कोटा, (निसं)। उम्मेद भवन पैलेस एवं राव माधो सिंह म्यूजियम ट्रस्ट, गढ़ कोटा के संयुक्त तत्वावधान में 'सांस्कृतिक संपदाओं का सतत् विकास के लिए उपयोग' विषय पर एक संवाद कार्यक्रम का आयोजन उम्मेद भवन पैलेस, स्टेशन रोड, कोटा में किया गया।

कार्यक्रम में मुख्य वक्ताओं के रूप में द्रोणा संस्था की संस्थापक निदेशक एवं स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए), नई दिल्ली की विजिटिंग फैकल्टी सदस्य डॉ. शिखा जैन, अर्बन इकोनॉमिक प्लानिंग एवं डेवलपमेंट विशेषज्ञ डॉ.हरप्रीत सिंह अरोड़ा, तथा हेरिटेज मैनेजमेंट एवं अर्बन डेवलपमेंट विशेषज्ञ आर्किटेक्ट एवं स्कूल ऑफ प्लानिंग एंड आर्किटेक्चर (एसपीए), नई दिल्ली की विजिटिंग फैकल्टी सदस्य शाहेना खान ने विभिन्न सरकारी एवं गैर-सरकारी संस्थाओं के प्रतिनिधियों को सांस्कृतिक संपदाओं के संरक्षण, प्रबंधन तथा सतत विकास में उनकी भूमिका पर विस्तार से जानकारी दी।

कार्यक्रम को राजपरिवार के इज्यराज सिंह, लाडपुरा विधायक कल्पना देवी, जयदेव सिंह, जिला कलेक्टर पियूष सांमरिया, तथा नगर निगम आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा सहित अन्य गणमान्य अतिथियों ने संबोधित किया।

अपने संबोधनों में उन्होंने बताते हुए इसके सतत् विकास हेतु सामूहिक प्रयासों पर बल दिया। संवाद के दौरान तीनों विशेषज्ञों ने प्रतिभागियों द्वारा सांस्कृतिक संपदाओं के संरक्षण, प्रबंधन एवं विकास से संबंधित पूछे गए विभिन्न प्रश्नों के विस्तृत उत्तर दिए।

कार्यक्रम में राजपरिवार की राजमाता उत्तरा देवी, राजकुमारी इंद्राणी देवी (सुकेत), कोटा कलेक्टर पीयूष समरिया, फील्ड डायरेक्टर सुगनाराम जाट, डीएफओ मुथू.एस.जी., केडीए के रविन्द्र माथुर, अजय शर्मा, नगर निगम कोटा के आयुक्त ओमप्रकाश मेहरा, महावीर सिंह, कोटा संभाग के पुरातत्व अधीक्षक उपेंद्र अवस्थी, राजकीय अभिलेखागार से कुशलराज सिंह, हाड़ौती टूरिज्म डेवलपमेंट सोसाइटी के अध्यक्ष रविंद्र तोमर, स्पिक मैके (कोटा चौप्टर) के संयोजक अशोक जैन, हाड़ौती हेरिरेज वॉक्स के संस्थापक सर्वेश हाड़ा, राव माधो सिंह म्यूजियम ट्रस्ट, के ट्रस्टी निखिलेश सेठी, दिलीप सिंह कुनाडी, हम लोग फाउंडेशन से डॉ. सुधीर गुप्ता, डॉ. अनुकृति शर्मा, हर्षवर्धन सिंह तथा जयवर्धन सिंह सहित अनेक गणमान्य नागरिक एवं विभिन्न संस्थाओं के प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

कांग्रेस की बैठक आयोजित

छबड़ा (निसं)। आगामी नगर पालिका एवं पंचायत चुनावों को लेकर कांग्रेस ने संगठनात्मक गतिविधियां तेज कर दी है। इसी क्रम में पंचायत राज विभाग की ब्लॉक स्तरीय बैठक आयोजित की गई। युवा नेता दीपक त्यागी ने बताया कि बैठक में आगामी पंचायत एवं निकाय चुनाव की रणनीति पर चर्चा करते हुए कार्यकर्ताओं से बूथ स्तर तक संगठन को मजबूत करने और कांग्रेस की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाने का आव्हान किया गया। वक्ताओं ने केंद्र एवं राज्य से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करते हुए भाजपा हटाओ, देश बचाओ का नारा बुलंद किया।

विधायक कल्पना देवी ने विभिन्न विकास कार्यों का शिलान्यास किया

कोटा, (निसं)। लाडपुरा विधायक कल्पना देवी ने रायपुरा स्थित अमृत धाम प्रथम, अमृत धाम विस्तार, चाणक्य नगर प्रथम, चाणक्य नगर सेकंड, चाणक्य नगर विस्तार एवं शुभ बृज धाम में लगभग 3 करोड़ 66 लाख 57 हजार की लागत से सड़क एवं नाली निर्माण सहित विभिन्न विकास कार्यों का विधिवत शिलान्यास किया।

विधायक कल्पना देवी ने कहा कि प्रदेश सरकार के नेतृत्व में लाड़पुरा विधानसभा क्षेत्र में विकास कार्यों को प्राथमिकता के साथ गति दी जा रही है। क्षेत्र की प्रत्येक कॉलोनी में बेहतर सड़क, जल निकासी एवं अन्य आधारभूत सुविधाएं उपलब्ध कराना सरकार की प्रतिबद्धता है।

उन्होंने कहा कि इन विकास कार्यों के पूर्ण होने से स्थानीय नागरिकों को आवागमन में सुविधा मिलेगी तथा जलभराव जैसी समस्याओं से भी राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि विकास कार्य केवल निर्माण तक सीमित नहीं हैं, बल्कि आमजन के जीवन को अधिक सुगम, सुरक्षित एवं सुविधाजनक बनाने का माध्यम हैं।

लाड़पुरा विधानसभा के प्रत्येक क्षेत्र में जनआवश्यकताओं के अनुरूप विकास कार्य निरंतर स्वीकृत एवं क्रियान्वित किए जा रहे हैं। इस अवसर पर जनप्रतिनिधि, भाजपा पदाधिकारी, स्थानीय कार्यकर्ता, गणमान्य नागरिक एवं बड़ी संख्या में क्षेत्रवासी उपस्थित रहे।

अवैध हथियारों के साथ चार बदमाश गिरफ्तार

कोटा, (निसं)। उद्योग नगर पुलिस टीम ने गश्त के दौरान मुखबिर की सूचना पर कार्रवाई करते हुए अवैध हथियारों के साथ चार बदमाशों को गिरफ्तार किया हैं पुलिस अधीक्षक तेजस्विनी गौतम ने बताया कि थाना उद्योग नगर के थाना अधिकारी आनन्द यादव के नेतृत्व में पुलिस गश्त के दौरान रायपुरा चौराहे पर मुखबिर से सूचना मिली कि देवली अरब रोड पर कब्रिस्तान गेट के पास एक नीले रंग की कार में कुछ संदिग्ध हथियारबंद लोग बैठे हैं। पुलिस टीम ने त्वरित घेराबंदी कर कार को रोका। पुलिस को देखकर आरोपियों ने कार स्टार्ट कर भागने का प्रयास किया, लेकिन मुस्तैद टीम ने उन्हें मौके पर ही दबोच लिया और तलाशी में अवैध हथियार बरामद किये। पुलिस टीम ने कार्रवाई करते हुए कैथूनीपाल निवासी संदीप सोलंकी, रामपुरा कोतवाली निवासी रोहित सुमन, जवाहर नगर निवासी कोहिनूर सिकलीगर लुहार और कैथूनीपोल निवासी धीरज सिंह को गिरफ्तार किया।

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम शब्बीर हुसेन तालिब अली दमा से बदलकर नया नाम शब्बीर जमाली रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-शब्बीर जमाली पुत्र तालिब अली गुलाम अली दमा पिड़ावा रोड वजीही कालोनी सुनेल झालावाड़

नाम परिवर्तन

मैंने अपना पुराना नाम MANEESH GARG से बदलकर नया नाम MANISH GARG रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जावे।
पता-मनीष गर्ग पुत्र राजेन्द्र गर्ग 282 पुरानी सिविल लाईन बारां

कार्यालय नगर निगम, कोटा (राज.)

क्रमांक-ननिको/भ.नि.अनु. जोन 3 व 4/2026/RajKaj Ref. No. 23841695 दिनांक- 6.8.26

भू-उपयोग परिवर्तन बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री खुशाल दास मलकानी पुत्र श्री खिल्लू मल एवं श्रीमती विद्या मलकानी पत्नी श्री खुशाल मलकानी निवासी- 145-ए तलवण्डी कोटा (राज.) द्वारा भूखण्ड संख्या-4-सी-2/ए तलवण्डी, कोटा क्षेत्रफल 108 वर्गमीटर का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन चाहा गया है। उक्त भूखण्ड का नाम हस्तांतरण कार्यालय नगर निगम कोटा दक्षिण के आदेश क्रमांक 11802-803 दिनांक 16.02.2022 से श्री खुशाल दास मलकानी पुत्र श्री खिल्लू मल एवं श्रीमती विद्या मलकानी पत्नी श्री खुशाल मलकानी के नाम नामहस्तांतरण किया गया है। आवेदित भूखण्ड का भू उपयोग कोटा शहर के अनुमोदित मास्टर/जोनल प्लान व प्रचलित नियमों के दृष्टिगत व्यवसायिक प्रयोजनार्थ निर्धारित है। आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा में उक्त भूखण्ड 4-सी-2/ए, तलवण्डी कोटा 108 वर्गमीटर का आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू-उपयोग परिवर्तन की कार्यवाही की जा क्षेत्रफल रही है।

अतः उपरोक्तानुसार भूखण्ड के आवासीय से व्यवसायिक प्रयोजनार्थ भू उपयोग परिवर्तन बाबूत किसी व्यक्ति/संस्था आदि या अन्य किसी को भी जो उक्त भूखण्ड से संबंध रखता हो, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 07 दिवस की अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा कार्यालय में प्रस्तुत करे। मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा राजस्थान

क्रमांक-ननिको/जोन 3/भ.नि.अनु./2026/11729 दिनांक- 6.8.26

स्वामित्व हस्तांतरण बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्री भंवर सिंह, श्री ब्रज राज सिंह खींची, श्री नारायण सिंह, श्री दिलीप सिंह पिसरान् स्व. श्री खुमान सिंह निवासी-262 शास्त्री नगर दादाबाडी कोटा (राज.) ने नगर निगम, कोटा भूखण्ड संख्या- 262 शास्त्री नगर दादाबाडी कोटा (राज.) नगर निगम, कोटा नाम हस्तांतरण हेतु आवेदन प्रस्तुत किया है। भूखण्ड संख्या- 262 शास्त्री नगर दादाबाडी कोटा (राज.) क्षेत्रफल 1800 वर्ग फुट का कार्यालय मण्डी कमेटी, चम्बल परियोजना कोटा के कार्यालय आदेश क्रमांक : लेखा/मण्डी/14 दिनांक 21.12.69 से श्री खुमान सिंह पुत्र श्री दामोदर सिंह के नाम आवंटन किया है। श्री खुमान सिंह पुत्र श्री दामोदर सिंह द्वारा उक्त भूखण्ड की वसीयत नोटेरी वसीयत नामा दिनांक 10.11.2002 से श्री भंवर सिंह, श्री ब्रज राज सिंह खींची, श्री नारायण सिंह, श्री दिलीप सिंह पिसरान् स्व. श्री खुमान सिंह के नाम की गई है श्री खुमान सिंह पुत्र श्री दामोदर सिंह की मृत्यु दिनांक 28.01.2010 को हो चुकी है। एवं उनकी पत्नी श्रीमती घींसी बाई पत्नी श्री खुमान सिंह की मृत्यु दिनांक 09.07.2017 को हो चुकी है। इनकी मृत्यु उपरान्त शेष विधिक वारिसान श्री भंवर सिंह, श्री ब्रज राज सिंह खींची, श्री नारायण सिंह, श्री दिलीप सिंह पिसरान् स्व. श्री खुमान सिंह के पक्ष में नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जानी है।

आवेदक द्वारा प्रस्तुत आवेदन अनुसार नगर निगम कोटा में उक्त भूखण्ड के स्वामित्व नाम हस्तांतरण की कार्यवाही की जा रही है। उक्त भूखण्ड का स्वामित्व नाम हस्तांतरण करने में किसी व्यक्ति, संस्था या अन्य किसी को भी उक्त भूखण्ड से संबंध रखता है, को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति जारी होने के 7 दिवस में अपनी आपत्ति लिखित में उपायुक्त नगर निगम कोटा कार्यालय में प्रस्तुत करे। मियाद आपत्ति मान्य नही होगी।

उपायुक्त नगर निगम, कोटा

कार्यालय नगर निगम, कोटा (राज.)

क्रमांक-ननिको/भ.नि.अनु. जोन 3 व 4/2026/RajKaj Ref. No. 23841483 दिनांक- 6.8.26

भू-उपयोग परिवर्तन बाबत सार्वजनिक विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि श्रीमती संतोष चांदवानी पत्नी श्री कन्हैयालाल चांदवानी निवासी- 4-ए-8, अटवाल नगर बजरंग नगर कोटा (राज.) द्वार